
Bipin Nambiar
(SBI PO 2018)
Shiraz Khan
(SBI Clerk 2018)
Kuldeep Yadav
(SBI PO 2018)
Rajat Saxena
(IBPS Clerk 2018)
Anupam Tyagi
(IBPS PO 2018)
FRIENDS!
WE USED TESTZONE
AND CRACKED BANK EXAMS
बैंक परीक्षाओ के लिए निश्चित
रूप से सर्वश्रेष्ठ मॉक
टेस्ट सीरीज
IT'S YOUR TURN NOW
TAKE A FREE MOCK TEST
Smartkeeda
The Question Bank

# Passage Test for RRB Scale I Mains & RRB Office Assistance Mains

## Hindi Passage Quiz 7

**दिशानिर्देश: नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक अध्ययन करे और इस पर आधारित प्रश्नो के उत्तर दे :**

अमेरिका में श्वेत-अश्वेत के बीच तनाव की वापसी दुखद और चिंताजनक है। अमेरिका अपनी रंगभेदी नीतियों को करीब आधी सदी पीछे छोड़ आया था, मगर वास्तव में बदलाव एक हद तक कागजी ही बना हुआ है। रंगभेद की जमीनी हकीकत न केवल निराश करती है, बल्कि अमेरिका के लोकतांत्रिक समाज पर सवालिया निशान भी लगाती है। अमेरिका में अश्वेतों की आबादी 13 प्रतिशत ही है, लेकिन पुलिस के हाथों मारे जाने वालों में उनकी संख्या श्वेतों के मुकाबले ढाई गुना ज्यादा है। अमेरिका की इस स्याह हकीकत की चर्चा लगातार होती रही है, लेकिन ऐसा पहली बार हो रहा है कि तमाम अमेरिकी राज्यों में जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। और एक सुखद पक्ष यह कवि इन प्रदर्शनों में श्वेत भी समान रूप से शामिल हैं।

जॉर्ज का दोष ऐसा नहीं था कि पुलिस के हाथों उसकी मौत होती। वह गिरफ्तारी का विरोध कर रहा था, लेकिन तीन पुलिस वाले उसे जमीन पर गिराकर उस पर सवार हो गए। एक पुलिस अफसर ने तो इतनी निर्ममता दिखाई कि लगभग नौ मिनट तक वह जॉर्ज की गरदन पर अपने घुटने के बल सवार रहा। जॉर्ज गुहार लगाता रहा कि उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही है, लेकिन उसकी गुहार बेकार गई। इस मौत के वीडियो को लोगों ने वायरल कर दिया और अब अमेरिकी पुलिस बल अपने लोगों के रोष के निशाने पर है। अमेरिका के 70 से ज्यादा शहरों में प्रदर्शन या कहीं-कहीं उपद्रव भी हुए हैं। वैसे लोगों का यह रोष नया नहीं है। अमेरिका में अनेक लोगों के मन में श्वेत वर्चस्व या रंग को लेकर श्रेष्ठता भाव बना हुआ है। घृणा का यह भाव न केवल **अतार्किक**, बल्कि अमानवीय भी है। इससे अमेरिकी समाज की बदनामी होती है। अमेरिकी समाज में रंगभेद दूर करने की तमाम जमीनी और किताबी कोशिशों के बावजूद वहां जो स्थिति है, उसकी प्रशंसा नहीं हो सकती। जब भी अश्वेतों के प्रति घृणा की बात उठती है, तो अमेरिका की चर्चा जरूर होती है। इस प्रदर्शन व उपद्रव के प्रति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बहुत चिंतित हैं और उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि निर्दोष लोगों के जीवन और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया, तो सरकार सेना भी तैनात कर सकती है। अमेरिका के लिए यह दोहरी मुसीबत का समय है। एक तरफ वह कोरोना जैसी महामारी से बड़े पैमाने पर जूझ रहा है, वहीं रंगभेद विवाद अमेरिकी प्रशासन के **गले की नई हड्डी** बन गया है।

अब पूरी दुनिया की नजर अमेरिका पर है। अमेरिका को महामारी और मानवीयता, दोनों ही मोर्चों पर परीक्षा से गुजरना होगा। जब महामारी ने मौत का जाल फैला रखा हो, तब तो लोगों के प्रति उदारता और मानवीयता का दामन नहीं छोड़ना चाहिए। इस बीच अमेरिकी प्रशासन के लिए यह जरूरी है कि वह रंगभेद समर्थकों के साथ पूरी कड़ाई से पेश आए। रंगभेद को रोकने के लिए अमेरिकी सरकार को पहले से कहीं ज्यादा चौकस होना चाहिए। वहां पुलिस बल को भी शिक्षित-प्रशिक्षित करने की जरूरत है। पुलिस पर भी यह जिम्मेदारी है कि वह लोगों को आश्वस्त करे। अमेरिका में शांति और एकजुटता की जल्द से जल्द वापसी होनी चाहिए। सबके प्रति उदारता से ही अमेरिकी समाज में सभ्यता और अनुशासन की रौनक लौटेगी और दुनिया के दूसरे देश उससे अच्छा सबक लेंगे।

**1. अमेरिका में किस प्रकार का मतभेद एक हिंसा का रुप ले चुका है?**

A. गरीब-अमीर
B. पुरुष-स्त्री
C. वयस्क-बुजुर्ग
D. श्वेत-अश्वेत
E. इनमें से कोई नहीं

**2. शब्द "गले की नयी हड्डी" का तात्पर्य क्या है?**

A. रुकावट पैदा करना
B. महामारी से जूझना
C. नयी समस्या का जन्म लेना
D. दर्द पैदा करना
E. मतभेद होना

**3. अमेरिका में कितने प्रतिशत लोग श्वेत हैं?**

A. 68%
B. 13%
C. 87%
D. 77%
E. 91%

**4. शब्द "उदारता" का विलोम शब्द क्या होगा?**

A. अनादरता
B. कृपणता
C. उभरता
D. कृपजता
E. इनमें से कोई नहीं

**5. गद्यांश के अनुसार निम्नलिखित वाक्यों का सही क्रम क्या होगा?**

A.अमेरिका के लिए यह दोहरी मुसीबत का समय है
B. डोनाल्ड ट्रम्प ने बोला है अगर उनके देशवाशियों को नुकसान हुआ तो
C. वह सेना भी उतार सकते हैं
D. एक तरफ वह कोरोना से जूझ रहे हैं

A. ABDC
B. BCDA
C. DCBA
D. CBAD
E. DABC

Smartkeeda
The Question Bank

**6. शब्द "सदभावना" का संधि-विच्छेद क्या होगा?**

A. सत + भावना
B. सद + भावना
C. सैम + भावना
D. सदभ्व + भावना
E. इनमें से कोई नहीं

**7. इन गम्भीर परिस्थितियों से उभरने के लिए अमेरिका को कौन-सा कदम उठाना चाहिए?**

A. अश्वेतो को जेल मे डाल देना चाहिए
B. इमरजेंसी लगा देनी चाहिए
C. शांति और संयम से काम लेना चाहिए
D. आरोपित पुलिसकर्मियों पे करवाई करनी चाहिए
E. उपरोक्त सभी कदम लेने चाहिए

**8. शब्द "अतार्किक" का विपरीतार्थक शब्द क्या होगा?**

A. नतर्किक
B. अतर्क्य
C. तार्किक
D. अनातार्किक
E. इनमें से कोई नहीं

**9. अमेरिका को किन दो मोर्चों की परीक्षाओं से गुजरना होगा?**

A. महामारी और मानवीयता

B. मानवीयता और पैसों की कमी

C. महामारी और चिकित्सक उपकरणों की कमी

D. महामारी और राष्ट्रपति की चुनाव

E. उपरोक्त सभी

**10. हिंसा की वजह क्या हो सकती है?**

A. आपसी मतभेद

B. राजनीतिक साज़िश

C. कोरोना का आतंक

D. सरकार द्वारा कोरोना के लिए गए कठोर कदम

E. C और D दोनों

Smartkeeda
The Question Bank

**Correct answer:**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| D | C | C | B | B | A | C | C | A | A |

**Explanation:**

**1.** **अमेरिका में श्वेत-अश्वेत के बीच तनाव की वापसी दु:खद और चिंताजनक है।........** उपरोक्त छंद के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि जॉर्ज फ्लॉयड की हत्या के बाद अमेरिका में श्वेत अश्वेत के बीच मतभेद फिर से एक हिंसा का रूप ले चूका है।

अतः विकल्प D इसका सही चयन है।

**2.** शब्द "गले की नयी हड्डी" का अर्थ होता है एक नयी समस्या का जन्म ,या एक नयी मुसीबत का जन्म।

अतः विकल्प C सही चयन है।

**3.** **अमेरिका में अश्वेतों की आबादी 13 प्रतिशत ही है,......** उपरोक्त छंद अध्ययन से यह ज्ञात होता है की शेष बचे हुए अर्थात 87% प्रतिशत लोग श्वेत हैं।

अतः विकल्प C सही चयन सही चयन है।

Smartkeeda
The Question Bank

**4.** शब्द "उदारता" का अर्थ होता है दानशीलता, जबकि "कृपणता" का अर्थ है कंजूसी जो कि एक दूसरे के विपरीत है।

अतः विकल्प B इसका सही चयन है।

**5.** उपरोक्त गद्यांश के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि दिए गए वाक्यों का सही क्रम BCDA होगा।

अतः विकल्प B सही चयन है।

**6.** जब संधि करते समय व्यंजन के साथ स्वर या कोई व्यंजन के मिलने से जो रूप में परिवर्तन होता है, उसे व्यंजन संधि कहते हैं।

जब दो वर्णों में संधि होती है तो उनमे से पहला यदि व्यंजन होता है और दूसरा स्वर या व्यंजन होता है तो उसे हम व्यंजन संधि कहते हैं।

जैसे - "त + भ = द्भ" यह एक व्यंजन संधि है।

अतः सदभावना का संधि विच्छेद "सत + भावना" होगा।

अतः विकल्प A सही चयन है।

7. **"जब महामारी ने मौत का जाल फैला रखा हो, तब तो लोगों के प्रति उदारता और मानवीयता का दामन नहीं छोड़ना चाहिए।....."** उपरोक्त छंद से यह ज्ञात होता है कि अमेरिकी सरकार को लोगो को शांति और संयम से समझा कर उन्हें शांत करना चाहिए।

अतः विकल्प C सही चयन है।

8. शब्द "अतार्किक" का अर्थ होता है जो तर्क पर आधारित ना हो, जबकि शब्द "तार्किक" का अर्थ होता है जो तर्क पर आधारित हो।

अतः विकल्प C इसका सही चयन है।

9. **"अब पूरी दुनिया की नजर अमेरिका पर है।....."** उपरोक्त छंद के अध्ययन से यह ज्ञात होता है की अमेरिका को महामारी और मानवीयता इन दोनों मोर्चों की परीक्षाओं से गुजरना होगा।

अतः विकल्प A सही चयन है।

10. **"जॉर्ज का दोष ऐसा नहीं था कि पुलिस के हाथों उसकी मौत होती। ....."** उपरोक्त छंद के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि जॉर्ज फ्लॉयड की मौत के बाद लोग अश्वेतों के प्रति होने वाली प्रारंभिक घटनाओ को जोड़ कर देखने लगे जो की एक आपसी मतभेद का कारण बन गया।

अतः विकल्प A इसका सही चयन है।

Smartkeeda
The Question Bank


SmartKeeda
The Question Bank
Presents
TestZone
India's least priced Test Series platform
JOIN
ALL BANK EXAMS
2020-2021 Test Series
@ Just
₹599/-
300+ Full Length Tests
Brilliant Test Analysis
Excellent Content
Unmatched Explanations
JOIN NOW